लेड पॉइज़निंग (सीसे के ज़हर) की रिपोर्ट के बाद, टोरंटो पब्लिक हेल्थ चेतावनी दे रहा है कि टोरंटो, ओंटारियो में केरल आयुर्वेदिक और प्राकृतिक हर्बल कंसलटेशन जो प्रोडक्ट बेच रहा है, वो अनधिकृत हैं और गंभीर स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकते हैं: https://recalls-rappels.canada.ca/en/alert-recall/health-canada-warns-products-sold-kerela-ayurvedic-natural-herbal-consultation-toronto

अगर आपने इस स्थान से कोई आयुर्वेदिक दवा खरीदी है या इस क्लिनिक से ऑर्डर की है और प्रोडक्ट सीधे आपके घर भेज गया है, घर तुरंत इन दवाओं का उपयोग बंद कर दें और अपने प्राथमिक देख-रेख करने वाले से परामर्श करें। अतिरिक्त सहायता और जानकारी के लिए कृपया टोरंटो हेल्थ कनेक्शन 416-338-7600 पर कॉल करें।

आयुर्वेद भारत और दक्षिण एशिया में शुरू होने वाला पारंपरिक चिकित्सा का तरीका है। जीवनशैली में बदलाव और अन्य उपचारों के अलावा, लिखित प्रमाणों के अनुसार आयुर्वेदिक दवाओं (साथ ही अन्य पारंपरिक और हर्बल दवाओं) को बनाने में भारी मेटल्स, विशेष रूप से सीसे, पारे और आर्सेनिक का इस्तेमाल होता है। आयुर्वेदिक दवा के इस्तेमाल से लेड पॉइज़निंग होने के भी लिखित प्रमाण मिले हैं।

खून में लेड की अधिक मात्रा वाले लोगों कई बार लक्षण नहीं दिखाई देते या उनमें कई प्रकार के संकेत और लक्षण दिख सकते हैं। इनमें शामिल हैं:

- पेट में दर्द, कभी-कभार होने वाली परेशानी से लेकर, दर्द फैलाने तक, "लेड कॉलिक" (पेट में गंभीर, रुक-रुक कर होने वाली ऐंठन) तक।
- स्वास्थ्य संबंधी लक्षण, मुख्य रूप से थकान और सामान्य अस्वस्थता
- खून की कमी
- खराब एकाग्रता और पेरिफेरल मोटर न्यूरोपैथी सहित न्यूरोलॉजिकल बीमारी

क्रॉनिक लेड के संपर्क में आने के दीर्घकालिक प्रभाव हो सकते हैं, इनमें क्रॉनिक इंटरस्टिशियल नेफ्राइटिस या "लीड नेफ्रोपैथी" सहित, उच्च रक्तचाप का खतरा, प्रतिकूल प्रजनन प्रभाव और विशेष रूप से बच्चों में अध्ययन, ध्यान और विकास से संबंधित न्यूरोलॉजिकल नुकसान शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया आयुर्वेदिक दवाओं से लेड के प्रभाव पर पब्लिक हेल्थ ओंटारियो फ़ैक्ट शीट देखें